पैरालम्पिक : एथलेटिक्स में सोने की बौछार, भारत 5वें स्थान पर



नागोया। फर्राटा धाविका सिमरन, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार और शॉटपुट में सचिन खिलाड़ी ने नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते और ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियों ने बुधवार को पांच स्वर्ण समेत 18 पदक भारत की झोली में डालकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया । सिमरन (महिलाओं की 100 मीटर टी12), प्रवीण (पुरूषों की ऊंची कूद टी44.64) और सचिन (पुरूष शॉटपुट एफ46) के अलावा दिलीप गावित (पुरूषों की 100 मीटर टी47) और आयुष वर्मा (पुरूषों की शॉटपुट एफ53) ने भी स्वर्ण पदक जीते । पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में भारत ने 'क्लीन स्वीप' करते हुए तीनों पदक जीते । पैरा तीरंदाजी, पैरा तैराकी और पावरलिफ्टिंग में भी भारत ने पदक जीते । भारत को अब तक मिले 14 में से 13 स्वर्ण पैरा एथलेटिक्स दल ने जीते हैं । भारत ने 21 रजत (13 एथलेटिक्स में) और 27 कांस्य (16 एथलेटिक्स में) समेत कुल 62 पदक अपने नाम किये हैं । सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्पर्धा पदक जीता था। भुजाहीन कंपाउंड तीरंदाज शीतल देवी ने महिला युगल में पायल नाग के साथ रजत पदक जीता । तैराकी में रवि कार्तिक बुदिगिना ने इन खेलों में दूसरा रजत अपने नाम किया जब वह पुरूषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस13 श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे । हिमांशु नंदल ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। पैरा बैडमिंटन में कृष्णा नागर और सिवाराजन सोलाइमलाइ ने पुरूष युगल एसएच6 स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि एसएल4 वर्ग में गत चैम्पियन सुहास एल वाई, नवीन सिवाकुमार और अभिजीत सखुजा सेमीफाइनल में पहुंच गए । कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे । सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किये गए । पावरलिफ्टिंग में पोलियो से जूझ रही कस्तूरी राजामणि ने महिलाओं के 67 किलो वर्ग में रजत पदक जीता । एथलेटिक्स में भारत 62 स्पर्धाओं में भाग ले रहा है और उसे 60 में पदक जीतने की उम्मीद है । अभी दो दिन की स्पर्धायें बाकी हैं और भारत 41 पदक जीत चुका है । पेरिस पैरालम्पिक 2024 में दो कांस्य जीतने वाली प्रीति पाल समेत तीन खिलाड़ियों ने दो पदक जीते हैं । प्रीति ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा में जत पदक जीता । वह मंगलवार को 200 मीटर टी35 में दूसरे स्थान पर रही थी। सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एक बार फिर ईरान की हजार सफरजादेह को पछाड़ा जो 12.30 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को दिन का पहला पदक आयुष वर्मा ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में सचिन खिलारी ने एशियाई पैरा खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद यासर ने तीसरे प्रयास में 15.06 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जबकि परवीन 14.94 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सुबह के सत्र में बंटी (पुरुषों की ऊंची कूद टी44/64), भाग्यश्री जाधव (महिलाओं के शॉट पुट एफ34), मोहम्मद यासर (पुरुषों के शॉट पुट एफ46) और मनजीत (पुरुषों के भाला फेंक एफ12/13) ने रजत पदक हासिल किए। अनुभव चौधरी (पुरुषों की 100 मीटर टी35), परवीन (पुरुषों का शॉट पुट एफ46) और राकेशभाई भट्ट (पुरुषों की 100 मीटर टी37) ने कांस्य पदक जीते। दिलीप गावित ने पुरूषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद मोर्सिंगनाकथ को रजत पदक मिला । टी46 खिलाड़ी गावित ने 10 . 69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण हासिल किया । वहीं टी47 खिलाड़ी मोर्सिंगनाकथ ने 10 . 72 सेकंड का समय निकाला । सुखचैन ने पुरुष भाला फेंक एफ55 स्पर्धा में 29.94 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। शरथ माकनहल्ली ने पुरुषों की 1500 मीटर टी12 स्पर्धा में चार मिनट 11.01 सेकेंड के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। पैरालंपियन करमज्योति दलाल ने महिला चक्का फेंक एफ55 स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता।



सूर्यवंशी के लिए रणनीति तैयार-सैंटनर



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने स्वीकार किया कि अगर वैभव सूर्यवंशी बृहस्पतिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाते हैं तो उनकी टीम ने इस युवा बल्लेबाज के लिए कुछ रणनीति तैयार की हैं। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में ब्रिटेन दौरे के लिए चुने जाने के बाद से बहुत कम मौके मिले हैं, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। सैंटनर ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''वह (सूर्यवंशी) वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में नहीं खेले थे लेकिन हमने आईपीएल में देखा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। हम जानते हैं कि अभिषेक जैसे अन्य खिलाड़ी भी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन सूर्यवंशी की भूमिका भी काफी बड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''अगर उन्हें इस श्रृंखला में खेलने का मौका मिलता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना काफी मुश्किल रहा है। हमने आईपीएल में देखा कि वह कितनी आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। अगर उन्हें खेलने का मौका मिलता है तो हमने उनके लिए रणनीति तैयार की है।

उलटफेर का शिकार होने से बची सिंधू



पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई । पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21-14, 8- 21, 23 . 21 से जीत दर्ज की । एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18-21, 12-12, 17 - 21 से हारकर बाहर हो गई । भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों अस्मिता चालिहा और तन्वी शर्मा ने मंगलवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बना ली। हालांकि, पुरुष युगल में भारत की स्टार जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को हार का सामना करना पड़ा और वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 21-19, 18-21, 21-13 से हराया। एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने दूसरा गेम जीतकर वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक गेम में फ्रांसीसी जोड़ी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। महिला एकल में अस्मिता चालिहा ने चीन की हैंग कियान शी को 21-18, 24-22 से हराया। 39 मिनट तक चले मुकाबले में अस्मिता ने सीधे गेम में जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, युवा भारतीय खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने अपनी हमवतन ईशारानी बरुआ को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी। तन्वी ने महज 32 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर महिला एकल के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली।

न्यूजीलैंड दौरे का जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया



पहला टी-20 आज, प्रसारण दोपहर 12.30 से

क्राइस्टचर्च । पिछली दो टी-20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिये दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी । न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी-20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था । भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था । भारत के सिर्फ चार बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी-20 खेल चुके हैं जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं । अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है । अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी । एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली । अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जायेगा । ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे । वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है । भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं । बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे । सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है । गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं । हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी ।न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि शानदार बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के लिये सपाट पिच बनाना सही रणनीति नहीं होती । उन्होंने उम्मीद जताई कि ग्लेन फिलिप्स और फिन एलेन जैसे उनके आक्रामक बल्लेबाज भारतीयों पर भारी पड़ेंगे । न्यूजीलैंड के पास जैकब डफी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, लॉकी फर्ग्युसन , काइल जैमीसन और ब्लेयर टिकनेर जैसे शानदार गेंदबाज हैं ।

राशिद खान की बादशाहत बरकरार



दुबई । जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। टी-20 इंटरनेशनल बॉलिंग रैंकिंग में भी नंबर 1 पर काबिज राशिद ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए थे, जिससे वनडे में उनकी रेटिंग 714 से बढ़कर 742 हो गई है। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने अबू धाबी में 158 रनों से बड़ी जीत हासिल की। 27 वर्षीय राशिद अब दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद से 80 अंक आगे हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अटल ने 110 गेंदों में 102 रन बनाए, जो उनका तीसरा वनडे शतक था। उनकी इस पारी की मदद से अफगानिस्तान ने यूएई में चल रही ट्राई-सीरीज (जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है) में एक शानदार जीत दर्ज की। इसके अलावा, रावलपिंडी में हुए मुकाबले के बाद पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा एक स्थान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज बेन डकेट दो स्थान के सुधार के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

पाक ने वेटरंस टीम को भारत में खेलने की नहीं दी अनुमति

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल जनवरी में भारत में होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स क्रिकेट विश्व कप में खेलने के लिये अपनी 50 प्लस उम्र की टीम को अनुमति देने से इनकार कर दिया है । पाकिस्तान ने श्रीलंका में पिछले साल हुआ टूर्नामेंट जीता था लेकिन इस बार बोर्ड ने पाकिस्तान वेटरंस क्रिकेट संघ को बता दिया है कि उन्हें भारत में खेलने की अनुमति नहीं है । पीवीसीए के प्रमुख फवाद एजाज ने कहा, हमने आयोजकों को बता दिया है कि हम टूर्नामेंट से नाम वापिस ले रहे हैं । वे विकल्प की व्यवस्था कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि आयोजकों और मेजबान देश ने उन्हें टीम वीजा और उच्च स्तरीय सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया था जिसके बाद पीसीबी और विदेश तथा गृह मंत्रालय से अनुमति मांगी गई । फवाद ने कहा कि पाकिस्तान के गृह मंत्री और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने उन्हें बताया कि भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जा रही है ।

जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार पारी के बाद रो पड़ी हरमनप्रीत



रायपुर। भारत की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में 41 गेंद में 91 रन की नाबाद पारी के जरिये लंबे खराब फॉर्म को अलविदा कहने के बाद अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सकी । इस महीने की शुरूआत में तीनों प्रारूपों में भारत की कप्तानी छोड़ने वाली हरमनप्रीत ने पिछले दस मैचों में अर्धशतक नहीं लगाया था पारी के ब्रेक में उन्होंने मेजबान प्रसारक से कहा ,'' बहुत अच्छा लग रहा है । मैं अपने खेल का मजा लेना चाहती थी और क्रीज पर समय बिताकर अच्छा लगा । वह पारी के बाद कमेंटेटरों से बातचीत के दौरान अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सकी । उस समय वह भारतीय महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यू वी रमन से बात कर रही थी जब अचानक रो पड़ी । उन्होंने कहा ,'' मैं बस लंबी पारी खेलना चाहती थी और खुशी है कि ऐसा कर सकी । मुझे लगता है कि इसका श्रेय आपको (रमन) भी जाता है । हरमनप्रीत ने कहा ,'' जब हम आये तो आपने कहा कि अब तुम वैसे ही खेलो, जैसे खेलना चाहती हो । और मैं यही करना चाहती थी , अपने खेल का मजा लेना चाहती थी । उस सलाह के लिये धन्यवाद । उन्होंने कहा कि अब कप्तानी छोड़ने के बाद उन पर कोई दबाव नहीं है । उन्होंने कहा ,'' मुझे नहीं लगता कि किसी तरह का दबाव है ।

ऑस्ट्रेलिया पर पारी से हार का खतरा

गकेबेरहा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर पारी से हार का खतरा है। टीम ने दूसरी पारी में 156 रन पर 4 विकेट गंवा दिए हैं। वह अब भी साउथ अफ्रीका के स्कोर से 170 रन दूर है। गकेबेरहा में साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में कप्तान टेम्बा बवुमा के शतक की बदौलत 9 विकेट पर 425 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी सिर्फ 99 रन पर सिमट गई। मार्को यानसन ने 5 विकेट झटके। पहली पारी के आधार पर साउथ अफ्रीका को 326 रन की बढ़त मिली और उसने ऑस्ट्रेलिया को फॉलोऑन दिया। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक ट्रेविस हेड 87 और स्कॉट बोलैंड 2 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरी पारी में कगिसो रबाडा और साइमन हारमर ने 2-2 विकेट लिए हैं। स्टीव स्मिथ ने पहली पारी में 28 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 11 हजार रन भी पूरे कर लिए।

पीएसजी ने बार्सिलोना को हराया



पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस मैच का रोमांचक अंत हुआ जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में विलारियल को 4-3 से हराया। यामल ने खूबसूरत गोल करके करके बार्सिलोना को पीएसजी के खिलाफ 2-2 से बराबरी दिला दी थी। पीएसजी ने हालांकि विटिन्हा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। उसकी तरफ से फैबियन रुइज़ ने चौथा गोल करके जीत सुनिश्चित की। पीएसजी के लिए डौए और लुकास हर्नांडेज़ ने भी गोल किए। बार्सिलोना के लिए ज़ावी एस्पार्ट ने भी गोल किया। मैनचेस्टर सिटी ने पीएसजी से मिली हार से उबरते हुए एईके एथेंस के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत दर्ज की। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए स्टटगार्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय बना महिला वॉलीबॉल में चैंपियन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय दूसरे और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी तीसरे स्थान पर



(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। इंटीग्रल विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026-27 प्रतियोगिता में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने खिताब जीता, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपविजेता और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में आईएएस अधिकारी टी. के. शिबू और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही उपस्थित रहीं। शिबू ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए विजेता टीमों को बधाई दी। वहीं, ऋतु शाही ने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में छात्र कल्याण के डीन प्रो. मोनावर आलम खालिद, प्रोवोस्ट डॉ. फैसल खान, मुख्य प्रॉक्टर डॉ. नसीम अहमद, खेल निदेशक डॉ. मोहम्मद जफर तथा एनडीआरएफ के उप कमांडेंट नवीन शर्मा और डी. के. शाही भी मौजूद रहे। छह दिवसीय प्रतियोगिता ने महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और टीम भावना प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। आयोजन ने महिला खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

साइक्लिंग में लखनऊ के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ की काव्या चित्रांश, देव मिश्रा, कुसुमलता राठौर, प्रसिद्ध राघव अवस्थी और प्रकृति राठौर ने हालिया आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य रोड साइक्लिंग ट्रायल 2026-27 में दमदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश टीम के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी। उत्तर प्रदेश साइक्लिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में गत 18 अक्टूबर को उन्नाव स्थित ट्रांस गंगा सिटी के एंट्री गेट नंबर-दो पर आयोजित राज्यस्तरीय ट्रायल के दौरान लखनऊ की काव्या चित्रांश ने यूथ बालिका वर्ग में पहला स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी वर्ग में प्रकृति राठौर तीसरे स्थान पर रही। जूनियर बालक वर्ग में देव मिश्रा दूसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में कुसुमलता राठौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। सब जूनियर बालक वर्ग में लामार्टिनियर बॉयज़ कॉलेज के छात्र प्रसिद्ध राघव अवस्थी तीसरे स्थान पर रहे।

मुआय थाई में दमखम दिखायेंगे लखनऊ के खिलाड़ी



(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। आगामी नॉर्थ जोन मुआय थाई चैंपियनशिप में पदक जीतने के इरादे से लखनऊ के 17 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू में 24 एवं 25 अक्टूबर, 2026 को आयोजित इस चैंपियनशिप के लिए लखनऊ की टीम बुधवार शाम को रवाना हो गई। चैंपियनशिप में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में नीव अतुल पांडेय, रियान शर्मा, वंश अग्रवाल, गुडलक उपाध्याय, अयान सिंह, पूर्णिमा शर्मा, श्रेया, साक्षी, शिवांश निषाद, सानिया निषाद, अंशिका यादव, अर्पिता नागर, आशमीन खातून, आशिकी खातून, देववर्धन प्रसाद, शौर्य शाश्वत शुक्ला एवं श्रेयांश शाश्वत शुक्ला शामिल हैं। टीम के साथ काजल कश्यप एवं अर्जुन चौधरी प्रशिक्षक के रूप में रहेंगे, जबकि श्रीमती पूनम टीम मैनेजर की जिम्मेदारी संभालेंगी। वहीं रत्नेश शर्मा, नीलम प्रसाद एवं मोहम्मद फैजान सिद्दीकी रेफरी के रूप में दल का हिस्सा होंगे। प्रशिक्षकों व अन्य सपोर्ट स्टाफ को मिलाकर चैंपियनशिप में लखनऊ का 25 सदस्यीय दल प्रतिभाग करेगा। विदाई से पहले लखनऊ मुआय थाई एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक एवं लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल भावना के दम पर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेंगे तथा पदक जीतकर लखनऊ का गौरव बढ़ाएंगे। लखनऊ मुआय थाई एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती स्नेहा अतुल पांडेय ने भी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं ऑफिशियल्स को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में सफलता की कामना की। एसोसिएशन के सचिव अर्जुन चौधरी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती ललिता शर्मा ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की कामना की।